संख्याः 124/वि0स0/प0का0/03(प)/2023

विधान सभा सचिवालय
उत्तर प्रदेश
(पटल कार्यालय)

विधान भवन, लखनऊ,
दिनांकः 23 मई, 2023.

प्रेषक,

मोहम्मद मुशाहिद,
रिटर्निंग आफिसर
एवं
विशेष सचिव।

सेवा में,

माननीय सदस्यगण,
उत्तर प्रदेश विधान सभा।

विषय- उत्तर प्रदेश विधान सभा के निर्वाचित सदस्यों द्वारा श्री लक्ष्मण प्रसाद 'आचार्य' सदस्य विधान परिषद् के त्याग पत्र एवं श्री बनवारी लाल सदस्य विधान परिषद् की मृत्यु के फलस्वरूप हुयी रिक्ति को भरे जाने हेतु विधान परिषद् के उप निर्वाचन-2023 से संबंधित निर्देश।

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयक मुझे आपसे यह निवेदन करने का निदेश हुआ है कि भारत निर्वाचन आयोग ने उक्त निर्वाचन में मतदान हेतु निर्वाचक की पहचान के लिए विधान सभा सचिवालय द्वारा जारी किये गये परिचय पत्र को मान्यता प्रदान की है।

अतः आपसे अनुरोध है कि कृपया दिनांक 29 मई, 2023 को उत्तर प्रदेश विधान सभा के निर्वाचित सदस्यों द्वारा उत्तर प्रदेश विधान परिषद के उप-निर्वाचन, 2023 में मतदान हेतु अपना उपर्युक्त परिचय पत्र अवश्य साथ लायें। यदि आपने अभी तक अपना परिचय पत्र न बनवाया हो तो कृपया उसे यथाशीघ्र पटल कार्यालय से बनवाने का कष्ट करें।

इसके अतिरिक्त मुझे आपको यह भी सूचित करना है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा यह अपेक्षा की गई है कि मतदान स्थल पर "मोबाइल फोन" को प्रयोग करने से मतदान प्रक्रिया में बाधा उत्पन्न हो सकती है।

अतः आपसे अनुरोध है कि कृपया दिनांक 29 मई, 2023 को उक्त निर्वाचन में मतदान के दिन मतदान स्थल "तिलक हाल", **(मतदान स्थल 'अ' एवं 'ब')** विधान भवन, लखनऊ में अपने साथ मोबाइल फोन न लाये।

भवदीय,

(मोहम्मद मुशाहिद)
रिटर्निंग आफिसर
एवं
विशेष सचिव, विधान सभा।

संख्या 124(1-3)/वि0स0/प0का0/03(प)/2023, तद्दिनांकित।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषितः-

1. सचिव, भारत निर्वाचन आयोग, निर्वाचन सदन, अशोक मार्ग, नई दिल्ली,
2. मुख्य निर्वाचन अधिकारी, कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश,
3. मार्शल विधान सभा उत्तर प्रदेश।

(अजीत कुमार शर्मा)
सहायक रिटर्निंग आफिसर
एवं
संयुक्त सचिव, विधान सभा।